चीनी, दालों और खाद्य तेलों का आयात

5101. **श्री राम जेठमलानी :**

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान चीनी, दालों और खाद्य तेलों का आयात किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इनमें से प्रत्येक वर्ष के दौरान कितनी-कितनी मात्रा में उपरोक्त वस्तुओं का आयात किया गया था ;

(ग) प्रत्येक वर्ष में इन वस्तुओं की अधिकतम और न्यूनतम कीमतें क्या थीं ;

(घ) क्या स्वदेशी बाजारों तक इन वस्तुओं के पहुंचाने पर किए गए व्यय का वर्ष वार अनुमान लगाया गया है ;

(ङ) यदि हां, तो प्रत्येक वर्ष में औसतन प्रति टन कितने रूपये व्यय हुआ है; और

(च) क्या यह सच है कि इन आयातों के बावजूद इन वस्तुओं की कीमतें कम नहीं हुई हैं; यदि नहीं, तो इस संबंध में कार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) जी, हां।

(ख) वाणिज्यिक जानकारी तथा सांख्यिकी महानिदेशालय (डी. जी. सी. आई. एण्ड एस.) से उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले 3 वर्षों के दौरान चीनी, दालों तथा खाद्य तेलों के आयात निम्नानुसार हैं :—

(मात्रा मी. टन में)

	1992–93	1993–94	1994–95 (अप्रैल–जन., 95)
चीनी	1,343	127	17,65,399
दालें . . .	3,82,615	6,27,384	4,70,331
वनस्पति तेल निर्धारित (खाद्य) .	1,02,772	1,16,384	2,63,447

(ग) पिछले तीन वर्षों के लिए चीनी, दालों और खाद्य तेलों का थोक मूल्य सूचकांक संलग्न है (नीचे देखिए) ।

(घ) और (ङ) नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने सूचित किया है कि यह सूचना संकलित नहीं की जा रही है।

(च) उपभोक्ता मदों की कीमतें वस्तुओं की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती है। बढ़ी हुई घरेलू उपलब्धता की इन मदों के आयातों से कीमतों पर नियंत्रण होने की आशा है।

विवरण

चीनी, दाल तथा खाद्य तेलों के थोक मूल्य सूचकांक (आधार : 1981-82=100)

मास	चीनी			दालें			खाद्य तेल		
	1992-93	1993-94	1994-95	1992-93	1993-94	1994-95	1992-93	1993-94	1994-95
मार्च	170.6	193.5	227.8	249.3	261.9	337.3	258.1	240.5	251.7
अप्रैल	170.3	194.9	231.9	253.6	256.4	331.8	270.9	239.2	258.7
मई	174.7	202.2	243.0	254.1	258.5	333.1	272.1	237.2	263.9
जून	174.2	199.9	247.1	255.4	267.1	335.4	270.1	245.8	265.9
जुलाई	177.1	199.0	238.3	258.9	270.6	343.2	272.1	250.5	271.8
अगस्त	176.5	200.9	231.5	268.4	288.8	354.0	277.5	260.9	281.5
सितम्बर	177.0	200.9	235.2	265.5	308.0	361.4	272.0	271.2	282.5
अक्तूबर	177.0	203.4	228.8	255.7	320.7	387.0	273.2	268.1	277.9
नवम्बर	176.3	206.2	220.1	245.1	326.8	393.9	266.6	264.2	280.9
दिसम्बर	173.9	209.9	222.0	247.0	346.0	386.1	262.5	259.3	286.4
जनवरी	175.8	214.9	221.0	257.5	354.1	380.7	263.9	253.9	294.5
फरवरी	183.4	226.4	219.8	265.4	356.3	379.9	247.3	250.5	301.6
			218.4* (मार्च, 95)			366.2* (मार्च, 95)			300.3* (मार्च, 95)

* अनंतिम

स्रोत : उद्योग मंत्रालय, आर्थिक सलाहकार का कार्यालय ।